**खबर संक्षेप**

## प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अलिखेश पाण्डेय ने प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश नारायण द्विवेदी शासकीय माध्यमिक शाला ओदरी को अपने पदीय दायित्वो एवं कर्तव्यो के प्रति लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली नियत किया गया है। आयुक्त शहडोल संभाग एवं लोक शिक्षण शहडोल संभाग व्दारा शासकीय माध्यमिक शाला ओदरी विकासखण्ड पाली का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 25 से 30 विद्यार्थी ही उपस्थित पाए गए । सत्र 2024-25 के लिए कक्षा एक मे नामांकन का लक्ष्य 10 का है किंतु निरीक्षण दिनांक को केवल 3 विद्यार्थियो का नामांकन होना पाया गया । कक्षा 6 वीं में 40 विद्यार्थियो का नामांकन होना पाया गया। जन प्रतिनिधियो एवं पालक की उपस्थिति न्यून पाई गई । विद्यार्थियो को भोजन मे पूडी आचार एवं स्तरहीन सब्जी का प्रदाय किया गया एवं हलुआ की व्यवस्था नही थी ।

## मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का मनाया 59 वां स्मृति दिवस



**शहडोल।** ब्रह्मकुमारिस संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 59 वां स्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र बुढार-धनपुरी में मनाया गया, बुढ़ार सेवा केंद्र प्रभारी बी.के.रीता बहन ने संस्थान से जुड़े सभी ब्रह्माकुमार व ब्रह्मकुमारी भाई बहनों को मातेश्वरी जी के त्याग एवं तपस्या के बारे में बताया। इसी अवसर पर ब्रह्मभोजन का भी आयोजन किया गया, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सुअवसर पर बी.के . प्रवीण भाई ने प्राचीन राजयोग का महत्व बताते हुए स्वास्थ्य लाभ के लिए विभिन्न प्रकार के पंचक्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने ध्वनि के भी महत्व के बारे में भी बताया कि इससे मन मस्तिष्क सदा शांत रहते है, जिसका सभी भाई बहनों ने लाभ उठाया।

## पुलिस लाईन शहडोल में बाल उद्यान का शुभारंभ

**शहडोल।** पुलिस लाईन शहडोल में बाल उद्यान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारीगणों के द्वारा बताया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए दैनिक जीवन में खेल-कूल एवं मनोरंजन का बड़ा महत्व हैं। इससे बच्चों का न केवल शारीरिक अपितु मानसिक विकास होता है। बाल उद्यान के निर्माण से पुलिस परिवार के बच्चों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिल सकेगा। पुलिस अधीक्षक शहडोल की धर्मपत्नी श्रीमती अनुभा खन्ना की पहल एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर निर्मित इस बाल उद्यान को पुलिस लाईन परिसर के बीचों-बीच बनाया गया है, जिस कारण से पुलिस परिवार के सभी बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि भविष्य में इस पार्क को और अधिक बेहतर एवं विकसित किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान द्वारा आभार प्रकट करते हुए किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर बी. एस. जामोद, एडीजीपी डी. सी. सागर, कलेक्टर तरूण भटनागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन, नगर पालिका अध्यक्षक घनश्याम जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शुक्र की सुबह अमरकंटक से लाकर प्रेमिका को चाकुओं से गोदा

# प्रेमिका की हत्या के बाद बचाव के फेर में प्रेमी ने पिया तेजाब

20 अप्रैल को हुई थी शादी, वर्तमान में थी बीएड की छात्रा

शादी के बाद भी पुराने प्रेमी से प्रेम प्रसंग ने प्रेमिका को मौत की दहलीज तक पहुंचा दिया, शुक्रवार की सुबह दोनों संपर्क में आये, कार में गये प्रेमी ने चाकुओं से पहले हत्या की, फिर उसे कार में ही लादकर अमरकंटक से शहडोल होता हुआ, उमरिया के घुनघुटी पहुंचा, कार दुर्घटना ग्रस्त हुई और मामला पुलिस तक पहुंचा, बचने के लिए प्रेमी ने भी तेजाब पी लिया।







शहडोल

शुक्रवार की सुबह ठीक 60 दिन पहले शादी बंधन में बंधी रिंक्की की जिंदगी की आखरी सुबह थी, उमरिया जिले के मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम चेचरिया में रहने वाले जिस आशिक के साथ रिंकी ने अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे दिन गुजारे थे, वहीं उसकी मौत का कारण बना, शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे बिरसिंहपुर पाली थाना, चौकी घुनघुटी अंतर्गत खाम्हा और चौरी के बीच जंगल में एक पुरानी अल्टो कार जिसे ग्राम चेचरिया का सूरज पनिका चला रहा था, वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, घबराए सूरज ने राहगीरों से मदद मांगी, राहगीर उसकी मदद को आगे भी आए, लेकिन इसी दौरान उनकी नजर कार की पिछली सीट पर पड़ी, युवती की लाश पर गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंच भी गई, खुद को फंसता देख सूरज ने गाड़ी में ही रखी तेजाब की बोतल निकाली और लगभग आधी बोटल गटक ली।

### प्रेम प्रसंग बना मौत का कारण

घटना के संदर्भ में बताया गया कि मृतिका रिंकी उर्फ ममता पनिका जो अनूपपुर जिले के ग्राम अहिरगवां थाना करनपठार की रहने वाली है, उसका प्रेम प्रसंग सूरज पनिका ग्राम चेचरिया, जिला उमरिया के साथ चल रहा था। ठीक दो माह पहले 20 अप्रैल को रिंकी की शादी परिवार वालों ने कर दी, इसके बाद से ही सूरज रिंकी के शादी करने के फैसले से काफी नाराज था, प्यार में मिले धोखे के बाद सूरज ने रिंकी का पीछा नहीं छोड़ा और उससे मिलने के लिए लगातार प्रयासरत रहा, यह बताया गया कि रिंकी अमरकंटक में बीएड की पढ़ाई कर रही थी, संभवतः शुक्रवार की सुबह सूरज पूरी योजना बनाकर उससे मिलने गया था। दोनों के आपस में मिलने के बाद कोई विवाद हुआ या फिर कुछ और जिससे नाराज होकर रिंकी की हत्या कर दी गई। हालाकि सूरज के तेजाब पी लेने के बाद उसकी स्थिति भी नाजूक बताई गई है, इस मामले में पुलिस अभी जांच में जुटी हुई है। रिंकी की हत्या सूरज ने ही की या फिर वह सिर्फ लाश को लेकर जा रहा था, रिंकी की हत्या कहां पर हुई और यदि सूरज अमरकंटक से ही उसके साथ था तो, हत्या के बाद अनूपपुर और शहडोल जिले की कई थानों की सीमा लांघकर लाश को घर की ओर क्यों ले जा रहा था, इस मामले में जांच के अन्य कई बिन्दु पुलिस अभी तय करेगी।

### तेजाब पीने से बिगड़ी हालत

शुक्रवार की सुबह सूरज अल्टो कार में रिंकी की लाश रखकर घुनघुटी के समीपी जंगल में दुर्घटना का शिकार हो गया, ग्रामीणों की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो, इस दौरान सूरज ने कार में रखी तेजाब की बोतल निकाल कर गटक ली, मौके पर पहुंची पुलिस ने सूरज को मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई गई है। यदि सूरज अस्पताल से स्वस्थ्य होकर बाहर आता है तो, इस मामले के कई राज खुलेंगे, लेकिन सूरज की मौत के बाद यही माना जायेगा कि शादी के बाद पराये मर्द से रिश्ते रखने वाली रिंकी ने एक साथ तीन परिवारों को बर्बाद कर दिया।

### मौके पर पहुँचे एडीजीपी, मिले साक्ष्य

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी.सागर सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीओपी पाली शिवचरण बोहित सहित उमरिया पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल सहित कार का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया है। फिलहाल रिंकी के शव को मेडिकल कॉलेज शहडोल में है, वहीं आरोपी को भी उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक लाश को ठिकाने लगाने के लिए जा रहा था, लेकिन एक सडक़ घटना ने हत्या के राज को पुलिस के सामने लाकर रख दिया।

### योग अपनाकर शरीर को रखें स्वस्थ्यः विधायक

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

शहडोल

10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर बी.एस.जामोद, ए.डी.जी.पी. डी.सी. सागर, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर तरूण भटनागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया । जिसमें भुजंगासन,पश्चिमोत्तानासन,वज्रासन,धनुरासन,मत्स्यासन,पादहस्तासन, सर्वांगासन व अन्य योग शामिल थें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने कहा कि योग को अपनाकर अपने शरीर को स्वस्थ्य और मजबूत कर सकते है। उन्होंने कहा कि हमें



योगाभ्यास प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से शरीर के संपूर्ण अंग, प्रत्यंगों, ग्रांथियों का व्यायाम होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ्य होता है, कई रोगों से छूटकारा भी मिलता है। उन्होंने कहा कि योग से हमारे शरीर के अंगो को बल मिलता है, जिससे हमारा शरीर दिन-प्रतिदिन लचीला और मजबूत होता है। 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संबोधन को वर्चुअली रूप से देखा एवं सुना गया। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज ब्यौहारी स्टेडियम में विधायक ब्यौहारी शरद कोल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित अन्य लोगों ने सामुहिक योग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग किया।

## बगैर कारण रात में गुल हो जाती है बिजली



**बिरसिंहपुर पाली।** जनपद की ग्राम पंचायत घुनघुटी क्षेत्र में इन दिनों लाइट की भारी समस्या से लोगो जूझ रहे है, क्षेत्र में हर वर्ष विद्युत मंडल के अफसर अपने ट्रांसफार्मर सब स्टेशन की संख्या बताकर बिजली सप्लाई व्यवस्था में लगातार सुधार का दावा कर करते हैं, जहां तक की एक ओर जहां गर्मी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली लोगों को रुला रही है, घुनघुटी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है, गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है, अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है, गौरतलब है कि इन दिनों जिले का तापमान 40 के आस-पास पहुंच रहा है, बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ रही है, लेकिन बिजली की मांग बढने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। घुनघुटी ग्रामीण क्षेत्र में बिजली नाम मात्र पहुंच रही है, वहां भी आने और जाने का समय निश्चित नहीं है, जबकि हकीकत कुछ और है। घुनघुटी ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत गुल की समस्या से लोग परेशान हैं, इतना ही नहीं यहां घुनघुटी क्षेत्र में रात-रात भर बिजली गुल रहती है, जिससे बरसात की समय कीड़े जहरीले जानवर निकलते हैं। यहां तक की घुनघुटी ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में तेजी गर्मी से लोग बाहर निकलना नहीं चाहते हैं, बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति नहीं पा रहे हैं, घुनघुटी के नरेश सिंह ने बताया कि 24 घंटे में 8 से 10 घंटे बिजली गुल रहती है।

## चेन्नई राधा इंजीनियरिंग कंपनी ब्लड डोनेट के साथ खदान में किया वृक्षारोपण

**शहडोल।** हर साल की तरह इस साल भी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वक्र्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अध्यक्ष एस वेंकटेशन के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए और इसे धूमधाम के साथ बनाया। इस अवसर पर ब्लड डोनेट को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कंपनी के 27 कर्मचारियों ने ब्लड डोनेट किया और इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि हर साल इस मौके पर ब्लड डोनेट कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी ब्लड डोनेट करते हैं। इस मौके पर कंपनी के आर. एम. मूर्ति, सत्यराज, सजन शर्मा, एच. आर. सबरी मौजूद थे। कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें फलदर वृक्ष लगाए गए, इस मौके पर गौशाला जाकर भी वहां पर गायों को कंपनी के अधिकारियों ने गुड़ , चना खिलाकर वहां पर सेवा की और केक काटकर कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों ने राधा चेन्नई कंपनी के चेयरमैन का जन्मदिन मनाया।

इतना ही नहीं इस मौके पर राधा चेन्नई कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को एक 1000 बोनस के रूप में भी दिया गया और 3 लाखे का बीमा भी सभी कर्मचारियों का किया गया। ज्ञात होगी हर वर्ष राधा चेन्नई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के चेयरमैन एस वेंकटेशन के जन्मदिन के अवसर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी-अधिकारी शामिल होते हैं, ब्लड डोनेट वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## विश्वविद्यालय में मनाया गया वर्ल्ड सिकल सेल डे

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय 19 जून को वल्र्ड सिकल सेल डे मनाया गया, जिसमें विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की एक योजना बनाई गई, वर्ष में एनएसएस के सहयोग से विभिन्न योजनाओं पर काम करने और गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीण परिवेश में रह रहे व्यक्तियों को इस गंभीर बीमारी के बारे में बताना और उन्हें जागरूक करना मुख्य उद्देश्य रखा गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो, हर साल करीब 3 लाख से अधिक बच्चे हीमोग्लोबिन रोग के गंभीर रूपों के साथ पैदा होते हैं, जिसमें थैलेसीमिया और सिकल सेल बीमारी शामिल है। उक्त संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर राम शंकर ने कहा की इन बीमारियों की जानकारी देना और ग्रामीण परिवेशों में रह रहे व्यक्तियों को जागरूक करना हमारे छात्रों और जो हमारे कैंपस में ग्रुप से उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, सिकल सेल कोशिकाएं आसानी से टूट जाती हैं और मर जाती हैं

## स्मार्ट मीटर न लगाने फिर उठ रही मांग

**शहडोल।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अनूपपुर जिले में विद्युत उपभोक्ताओं को प्रायोगिक स्मार्ट मीटर से मुक्त रखने के लिए मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री सहित प्रमुख सचिव के के नाम ज्ञापन सौंपा गया है, ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि स्मार्ट मीटर से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के भोले-भाले विद्युत बिल से भयभीत हैं एवं शंका जाहिर कर रहे हैं कि हम गरीब मध्यमवर्गीय लोगों के लिये स्मार्ट मीटर का विलंब भुगतान कहीं आर्थिक क्षति का पर्याय तो नहीं? ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आदिवासी बाहुल्य अनूपपुर जिले के गरीब मध्यमवर्गीय तथा सर्वहारा वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं की आवाज ज्ञापन के माध्यम से पहुंचाई जा रही है। वर्तमान समय में विद्युत वितरण कंपनी के ठेकेदार सह अधिकारी अनूपपुर, चचाई, जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, अमरकंटक आदि स्थानो में स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। यह स्मार्ट मीटर क्या है? इसका प्रयोग कब किया गया, कोई नही जानता? पूर्व से ही विद्युत उपभोक्ताओं के यहां इलेक्ट्रानिक मीटर जो गुणवत्ता से परिपूर्ण है, लगा हुआ है तथा उपभोक्ता भी इस इलेक्ट्रानिक मीटर के बिल से संतुष्ट था तथा विभाग के मानक मापदण्डो के आधार पर इलेक्ट्रानिक मीटर सफल रहा है। आदिवासी बाहुल्य जिले की जनता विद्युत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को लेकर असंतुष्ट हैं एवं सरकार से यह प्रश्न कर रहे हैं कि इलेक्ट्रानिक मीटर की जगह स्मार्ट मीटर की आवश्यकता क्यों पड़ी? जब इलेक्ट्रानिक मीटर का सफलतापूर्वक प्रयोग विद्युत कंपनी एवं सरकार द्वारा किया जा चुका है तथा उपभोक्ताओं को यथार्थपूर्ण बिजली के बिल भुगतान करने पड़ते है, जिसे संपूर्ण विद्युत उपभोक्ता सहर्ष नियमित रूप से भुगतान करते रहे हैं। मध्यप्रदेश की संपूर्ण जनता आपके सेवक की भांति है तथा आपके नेतृत्व में प्रदेश की संपूर्ण जनता अगाध विश्वास जाहिर की है। वहीं दूसरी ओर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारो को स्मार्ट मीटर लगाने का टेण्डर प्रदान कर म.प्र. के आदिवासी बाहुल्य विद्युत उपभोक्ताओं को कहीं छलने का प्रयास तो नही कर रहे है? ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आदिवासी बाहुल्य जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की आवाज प्रार्थना स्वरूप आप तक पहुंचा रहा हूं कि कृपया इसे उपभोक्ताओं के हित में संज्ञान में लेते हुये, आदिवासी बाहुल्य जिले अनूपपुर में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाये।

## रामनरेश प्रांतीय प्रवक्ता नियुक्त

**शहडोल।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी जे.पी. धनोपिया की सहमति से रामनरेश तिवारी शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रांतीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

बरसात में घुसेगा कमरों में पानी, पढ़ाई होगी बाधित

## जर्जर स्कूल भवनों की नहीं कराई मरम्मत

**शहडोल।** नया शिक्षा सत्र 15 जून से शुरू हो चुका है और सभी स्कूलें संचालित होने लगीं हैं। नए शिक्षा सत्र में नयापन कुछ भी नहीं है। अव्यवस्थाओं की मनहूसियत के साथ इस वर्ष भी सत्र प्रारंभ हुआ है। स्कूलों के भवन जर्जर हैं, स्कूलों में बैठने की ढंग से व्यवस्था नहीं है। वर्षा के इस मौसम में स्कूलों के पास आज भी इतनी व्यवस्था नहीं है कि अगर झड़ीदार वर्षा शुरू हो जाए तो बच्चे अपनी कक्षाओं में बैठे रह सकें। कमरों के अंदर पानी घुसता है। किसी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं हुआ। वर्षों से शिक्षक एक ही स्कूल पर जमें अव्यवस्थाएं उत्पन्न कर रहे हैं। स्कूल भवनों में शौचालय होने के बावजूद निस्तार की गुंजाइश नहीं है। रखरखाव की कमी के कारण शौचालय गिरने की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं।

### नहीं हुई भवनों की मरम्मत

शासन के नियम हैं कि प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय विद्यालय भवनों की मरम्मत कराई जाए। इसके लिए शासन कुछ बजट भी देता है। लेकिन जिले की अधिकांश स्कूलों में इस वर्ष मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। प्रधानाध्यापकों ने इस दिशा में गंभीरता नहीं बरती है। इसी तरह शौचालयों का रखरखाव भी नहीं हुआ। इसलिए इस बार भी निस्तार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। शिक्षक यह कह कर हाथ खड़ा कर देते हैं कि उनके पास सफाई की व्यवस्था नहीं है। नगरपालिका से कहा गया है लेकिन नपा के कर्मचारी नहीं आते हैं।

### बरसात में बढ़ेगी असुविधा

वर्षा के इस मौसम में जब आगे चलकर झड़ीदार वर्षा का सामना करना पड़ेगा तब स्कूलों में काफी दिक्कते होंगी। चूंकि भवनो की मरम्मत कराई नहीं गई है इसलिए जर्जर छतों से जिनके एक अर्से से प्लास्टर उखड़े हुए हैं उनसे पानी अंदर कमरों में घुसेगा और बच्चों की कक्षाओं में बैठने की जगह भी नहीं रह जाएगी। बच्चे स्कूलों में टाट पट्टी पर बैठते हैं, इसलिए जब कमरों में पानी भर जाता है तो पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो जाती है। बच्चे एक कोने में सिमट कर खड़े हो जाते हैं। कभी कभी तो स्कूलों की छुट्टी भी कर दी जाती है। देखने को तो भवन भव्य और विशाल दिखाई पड़ते हैं पर व्यवस्था बच्चों के बैठने की भी नहीं रहती है। इसी तरह कुछ स्कूलों में हैण्डपंप होने के बावजूद पानी की समस्या बनी रहती है क्योंकि हैण्डपंप का पानी खारा रहता है। इस संदर्भ में कोई उपाय नहीं किया जा रहा है।

### बजट का रोना रोते हैं

इस संदर्भ में कुछ हेडमास्टरों का कहना है कि शासन से एक तो समय पर बजट प्राप्त नहीं होता है और फिर बजट इतना कम दिया जाता है कि उससे भवन की मरम्मत करा पाना बहुत कठिन रहता है। जो पैसा अप्रैल मई में मिलना चाहिए वह अक्टूबर-नवंबर में मिलता है तब तक मरम्मत का समय समाप्त हो जाता है। उस पैसे का उपयोग विद्यालय की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में कर लिया जाता है। जबकि इस संबंध में विभाग के बड़े अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, शासन से मांग भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शौचालयों के रखरखाव और सफाई के लिए भी निरंतर कहा जा रहा है पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो वाहन को ट्रक ने मारी ठोकर

**कोतमा।** थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क पर खड़े बोलेरो वाहन में ट्रक ने ठोकर मार दी जिससे बोलेरो वाहन का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे बैठा चालक घायल हो गया। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 जमुना कालरी निवासी विवेक सिंह ने 21 जून को थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह 20 जून की रात्रि 10:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सलीम ढाबा के सामने अपने वाहन को खड़ा कर ड्राइविंग सीट में बैठा था तभी अनूपपुर की तरफ से वाहन क्रमांक एम एच 39 सी 43 31 का चालक बृजमोहन जगेश्वरगंज झांसी लापरवाही पूर्वक तेजगति से वाहन को चलते हुए वाहन में पीछे से ठोकर मार दिया जिससे बोलेरो वाहन का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक के पीठ एवं सीने में चोट आई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 427 आईपीसी का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### प्रेरक ने बच्चों को भेंट किया पेन पेंसिल



**कोतमा।** स्कूल चलें हम 2024-25 कार्यक्रम के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर मे प्रेरक राजा उर्फ साजिद वारसी पार्षद वार्ड क्रमांक 9 नगर पालिका कोतमा द्वारा पेन, पेंसिल प्रदान कर बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक रूबेन टोप्पो एवं संध्या शुक्ला व शिक्षकों द्वारा प्रेरक का स्वागत किया गया और बच्चों को तिलक लगाकर नये सत्र मे स्वागत किया साथ मे अन्य प्रेरक के रूप मे सोनू मंसूरी द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरीय निकायों में किया गया योग



**उमरिया ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले की सभी नगरीय निकाय मानपुर, पाली, नौरोजाबाद , चंदिया में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया । योग के कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित वार्डवासी शामिल हुए। पाली नगरीय निकाय अंतर्गत कालरी क्लब में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, पत्रकार गण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । इसी तरह नगरीय निकाय नौरोजाबाद में रामलीला मैदान में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कुशल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर परिषद चंदिया में थाना परिसर चंदिया में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्ययक्ष पुरूषोत्त्म कोल, आसुतोष अग्रवाल, रामनारायण पयासी, प्रसायम फाउण्डेशन की टीम सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### सहायक शिक्षक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को सहायक आयुक्त ने किया निलंबित

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग ने सुरेश कुमार दुबे सहायक शिक्षक, प्रभारी प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला केल्हारी को अपने पदीय दायित्वो एवं कर्तव्यो के प्रति लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली नियत किया गया है।

### निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता, सहज, सरल माध्यमः कलेक्टर

# योग शरीर और दिमाग दोनों को स्वस्थ्य रखने में सहायकः विधायक

**उमरिया।** योग, भारत में शुरू हुई एक प्राचीन पद्धति है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को स्वस्थ रखने का एक गहरा तरीका प्रदान करता है। योग में गतिविधियों और मुद्राओं के माध्यम से यह व्यक्तियों को लचीलापन और ताकत विकसित करने में सहायता मिलती है।





योग में अपनाई गई अनोखी साँस लेने की तकनीकें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ब?ाती हैं, बल्कि लोगों में शांति की भावना भी पैदा करती हैं, जो तनाव के लिए एक शक्तिशाली औषधि के रूप में काम करती हैं। उक्त, आशय के विचार विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्तं किए । उन्होने कहा कि मानव को प्रतिदिन योगा करना चाहिए । सुबह ही हवा लाखो रूपये की दवा होती है । योगा करने से कई बीमारियों से मुक्ति भी स्वमेव ही मिल जाती है ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि योग भारतीय प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनियों के शोध पर आधारित समग्र स्वास्थ्य का विज्ञान है योग। भारत के इस ज्ञान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विष्व स्तरीय मान्यता मिली है । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को स्वीकार किया गया है। योग संपूर्ण मानवता को प्राप्त अमूल उपहार है। संसार का सबसे ब?ा उपहार निरोगी काया है। निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता , सहज, सरल माध्यम है। योग से बहुत सी बीमारियों का उपचार एवं निजात मिल जाता है। सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत, अमृत सरोवर, जिला न्यायालय, जिला जेल, शैक्षणिक संस्थानों तथा आयुष औषधालाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# आरआई-पटवारी सीमांकन के लिए मांग रहे रिश्वत



### शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

**मानपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहनिया से लगे (छटन टोला) निवासी तीरथ प्रसाद द्विवेदी पिता स्वर्गीय गोविंद प्रसाद द्विवेदी ने अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मानपुर को नक्शा तरमीन व सीमांकन करने के लिए 31 मई को आवेदन पत्र दिया गया था, जिसका आरजी खसरा नंबर 94 रकवा क्रमशः 1.429 हेक्टेयर भूमि का नायब तहसीलदार द्वारा दलगठित 20 मई सीमांकन करने के निर्देश दिये थे, लेकिन उक्त भूमि का नक्सा-तरमीम आज तक नहीं किया गया है।

### मुखिया से शिकायत बेअसर

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि आवेदक आरजी खसरा नंबर 94/1, 94/2, 94/3 रकवा क्रमांक 0.151,0.564,0.149 एवं आराजी खसरा नमबर 94/4 रकवा 0.564 हेक्टेयर स्थित ग्राम छटन टोला पटवारी हल्का नंबर रोहनिया तहसील मानपुर का भूमि स्वामी मालिक पट्टेदार दर्ज रिकार्ड हैं, आवेदक द्वारा उक्त आराजियों के सीमांकन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर हल्का पटवारी एवं आरआई द्वारा सीमांकन किया गया था, परंतु आवेदक को आज दिनांक तक उपरोक्त आरजी का सीमांकन के उपरांत कब्जा दाखिल प्राप्त नहीं हो पाया है, कब्जा न होने की वजह से आवेदक अपने भूमियों पर खेती-बाड़ी का कार्य नहीं कर पा रहा है। आए दिन बाद विवाद उत्पन्न हो जाता है, तहसीलदार उप तहसील बरबसपुर के द्वारा टीम गठित का सीमांकन के लिए आदेश पारित किया गया था, परंतु निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आज तक गठित टीम द्वारा सीमांकन नहीं किया जा सका है।

शिकायत पत्र में उल्लेख है कि राजकुमार गुप्ता कोटवार के द्वारा 19 मई को सूचना दी, 20 मई को पुनः सीमांकन होगा, जिसमें मुझे 500 एवं हल्का पटवारी एवं आरआई को सीमांकन के समय 10 हजार चाहिए, तभी तुम्हारी भूमिका सही से सीमांकन हो पाएगा, यदि पैसा नहीं दोगे तो, सीमांकन होने की कोई गारंटी नहीं है, फरियादी तीरथ प्रसाद द्विवेदी की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि मेरे भूमि और राज्यों का सीमांकन एलआरआर के माध्यम से यथाशीघ्र कराए जाने एवं कब्जा दिलाए जाने की मांग की है।

# पटाखों की आवाज से नहीं डर रहे जंगली हाथी

### ग्रामीणों को सतर्क रहने की वन विभाग ने दी चेतवानी

**उमरिया।** जंगली हाथियों ने बांधवगढ़ के मानपुर बफर के जंगल को लगभग 35 किलोमीटर दूर छोड़ दिया था। अगर जमुड़ी-भौतरा के जंगल में रुक न गए होते तो, शहडोल जिला मुख्यालय तक पहुंच सकते थे। घुनघुटी वन विभाग का अमला जंगली हाथियों पर निरंतर नजर जमाए रहा और उनके वापस लौटने तक गांव के लोगों की सुरक्षा में जुटा रहा। वन विभाग के कर्मचारियों ने जंगली हाथियों पर नजर रखने के लिए जमकर मेहनत की। गांव के लोगों को भी सतर्क किया और उन्हें खाद्य पदार्थों, महुआ, आम को इस तरह छिपाकर रखने के लिए कहा गया ताकि उसकी खुश्बू हाथियों तक नहीं पहुंचे।



**ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह**

आसपास के गांव के लोगों ने भी वन विभाग का सहयोग किया और हाथियों से सुरक्षा की दिशा में अहम भूमिका निभाई। वन विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे अभी सतर्क रहें, क्योंकि जंगली हाथी दोबारा वापस आ सकते हैं। घुनघुटी रेंजर अर्जुन सिंह वाजवा ने बताया कि जंगली हाथी अब तेज आवाज से भयभीत नहीं हो रहे हैं। जंगली हाथी पहले जिस तेज आवाज से सहम जाया करते थे, अब उन पर उसका कोई असर नहीं हो रहा है। पहले जंगली हाथी पटाखों की आवास सुनकर विपरीत दिशा में भागते थे, लेकिन अब उन्हें पटाखों की आवाज डरा नहीं पा रही है।

# पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के लिए पॉलिथिन अत्यंत घातक

**शहडोल।** एसईसीएल की सहयोगी संस्था सीएमपीडीआई कैम्प पड़मानिया(सिंहपुर) के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 16 जून से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर सीएमपीडीआई कैम्प पड़मानिया के द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम सह गोष्ठी का आयोजन जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत ऐंताझर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व उपसरपंच सुशील शर्मा उपस्थित थे । जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मैकू बैगा ने की। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमपीडीआई पड़मानिया के कैम्प प्रभारी अभिषेक जायसवाल, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक सीएस पट्टावी,कैम्प के रोहित पांडेय,उमेश कुमार, नीलाद्री दास मंचासीन रहे।



कार्यक्रम की प्रारंभ में सीएमपीडीआई कैंप के प्रभारी अभिषेक जायसवाल ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर एसईसीएल कंपनी की चिंता को रेखांकित करते हुए कंपनी द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं, स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी से आहवान किया कि अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें तथा पॉलिथींन का उपयोग पूरी तरह से त्याग दें। उन्होंने कहा कि यह बढ़ते प्रदूषण के लिए अत्यंत घातक है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्वों का संतुलन और संरक्षण पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण के लिए आवश्यक है, उन्होंने कहा कि हमको जनजातीय समाज से प्रेरणा लेकर वृक्षों के संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रयास करना होगा। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक वृक्ष को लगाये और उसे संरक्षित करने का संकल्प ले तो वनों के उन्मूलन को रोकने में बड़ा योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि वृक्षों की रक्षा से ही जीवन, समाज और संस्कृति की रक्षा होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक सी.एस.पट्टावी ने धरती और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित होकर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैम्प के रोहित पांडेय, उमेश कुमार, नीलाद्री दास सहित अन्य ने सभी ग्रामवासियो को पॉलिथिन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी के द्वारा यह स्वच्छता पखवाड़ा 30 जून तक चलाया जाएगा। जिसमें लोगो विविध प्रकार से जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान सीएमपीडीआई कैंप द्वारा अतिथियों को सैनिटाइजर, मास्क व अन्य सामग्री भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में कैम्प के संतोष गर्ग द्वारा सभी का धन्यवाद प्रगट कर व मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुराग द्विवेदी, अर्जुन यादव, सुभाष द्विवेदी, राजेंद्र साहू, राजन बंशियार, ज्ञानेंद्र साहू,अभिलाषा मिश्रा, चन्द्रशेखर शर्मा, जेपी गुप्ता,सुरेश चौधरी, सीताशरण बैगा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# साहब! बीच शहर में ट्रांसपोर्ट खोला अब दे रहे जान से मारने की धमकी

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के घरौला मोहल्ला में स्थित विराट ट्रांसपोर्ट के संचालकों के द्वारा मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा कर देने से और ट्रक का सामान बीच सडक़ में रखने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, इस वजह से आस-पड़ोस के लोग भी काफी परेशान है, वार्ड में रहने वाले लकी साहू ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक को देते हुए बताया कि उनके घर के ठीक सामने विराट ट्रांसपोर्ट खुला हुआ है, इनके द्वारा भी सडक़ पर ही सामान बिखेर दिया जाता है, आवेदक ने शिकायत के साथ छायाचित्र भी संलग्न किए और एक वीडियो भी संलग्न किया, आवेदक ने बताया कि बीते दिवस जब यहां पर गाड़ी खड़ी थी और लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी, खुद आवेदक अपने घर से निकलने के लिए जब बाहर निकाला तो, उसने ट्रांसपोर्ट के संचालक विराट गर्ग और उसके भाई को इसके लिए मना किया तो, दोनों बिफर उठे और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे, पीड़ित ने बताया उक्त मामले में सीएम हेल्प लाईन भी की गई है, लेकिन कोई कार्यवाही उक्त व्यक्तियों पर नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों खुद को नेता बताते हैं और उनका कहना है कि उनके रिश्तेदार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ है, इस कारण उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकती, लकी साहू ने आरोप लगाया कि भविष्य में यदि उसके साथ कोई गंभीर वारदात होती है तो, उसके जिम्मेदार यह दोनों भाई ही होंगे।

# अक्षम्य अपराध है छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ः अजय

**उमरिया।** नीट-यूजी की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी और पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने गांधी चौक उमरिया मे धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर आमसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय सिंह ने कहा कि भाजपा के शासन में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं मे दलाली और फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में संपन्न नीट परीक्षा मे जिस तरह पैसे लेकर परीक्षा दिलाने का भंडाफोड़ हुआ है, उससे पूरी प्रक्रिया ही संदेह के दायरे में आ गई है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग कहते हैं कि मोदी जी के एक फोन से यूक्रेन और रूस का युद्ध रुक गया, फिर देश मे बच्चों के साथ हो रहा अन्याय क्यों नहीं रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की



नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

सरकारें हैं, वहां खुले आम पैसे लेकर पर्चे लीक कराये जा रहे हैं। इस धांधली में भाजपा की संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि यह केवल फर्जीवाड़ा नहीं, देश के भविष्य पर प्रहार और छात्रों व उनके अभिभावकों की भावनाओं के साथ कूरर खिलवाड़ है।

**मोदी सरकार को बर्खास्त करें महामहिम**

विरोध प्रदर्शन को जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रवक्ता अशोक गौंटिया, उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, उदय प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सिंह, संजय अग्रवाल आदि ने संबोधित करते हुए भाजपा पर करारे प्रहार किए और महामहिम राष्ट्रपति से मोदी सरकार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुरदास सचदेव, श्रीमती सावित्री सिंह, तिलकराज सिंह, मयंक सिंह, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह

# अलग-अलग स्थानों पर योग कार्यक्रम संपन्न



**कोतमा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अलग-अलग स्थान पर योग के कार्यक्रम हुए। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में डॉक्टर संगीता प्रजापति के द्वारा योग किया गया। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में भरती बच्चों के अभिभावकों स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी योग करने पहुंचे। इस आयोजन कि पहले से ही तैयारी कर ली गई थी। सुबह 7 सबसे पहले सूर्य नमस्कार से प्रारंभ हुई और फिर योग की क्रियाएं की गई। इसके अलावा नगर की स्कूलों एवं और भी कई स्थानों पर लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया। इस बार 10वां योग दिवस मनाया गया है। इस दौरान मौजूद लोगों ने योग करने से निरोग रहने के बारे में बताया। पोषण पुनर्वास केंद्र में योग कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर संगीता प्रजापति ने कहा कि मनुष्य को मानसिक शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना है तो योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना चाहिए। प्रतिदिन आधे घंटे का समय निकालकर सुबह योग करने से शरीर की कई प्रकार की बीमारियां दूर होती है शरीर स्वस्थ रहता है मानसिक रूप से व्यक्ति मजबूत होता है। योग वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना गया है। योग से स्वस्थ जीवन निरोगी काया बनी रहती है।

# केंद्रीय विद्यालय जमुना कालरी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जमुना/बदरा।** केंद्रीय विद्यालय जमुना कालरी में आज 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे प्राचार्य मनोज कुमार के योग दर्शन से हुआ। श्री कुमार ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। विद्यालय की स्नातकोत्तर शिक्षिका हिंदी श्रीमती अंबिका द्वारा योग मार्गदर्शिका के रूप मे छात्रों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, आसन और ध्यान का अभ्यास कराया गया। छात्रों ने बड़े



उत्साह और लगन से योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने योग के बारे में प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो हमें स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करने में मदद मिली। योग कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### कटनी सतना रेलखंड में ट्रेन से नीचे गिरने से युवक की हुई मौत

**कटनी।** ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। हादसा सतना-कटनी रेलखंड में खिरहनी फाटक और आधारकाप के बीच हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सतना-कटनी रेलखंड में खिरहनी फाटक और आधार काप के बीच एक युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि युवक की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सात सालों से फरार दोहरे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने सात वर्षों से फरार चल रहे दोहरे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि वर्ष 2013 में आरोपी धीरज चौधरी पिता जोगेन्द्र चौधरी 21 वर्ष निवासी अमीरगंज मोहल्ला के पास थाना माधवनगर के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। जिसकी लगातार सुनवाई न्यायालय श्रीकृष्ण बुखारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी के न्यायालय में चल रही थी। प्रकरण की सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण वर्ष 2017 में उक्त आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया गया था जो लगातार फरार चल रहा था। जिसे थाना प्रभारी माधवनगर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सुचना मिलने पर अपनी टीम के साथ 18 जून की दरम्यानी रात वारंटी धीरज चौधरी के निवास स्थान पर दबिष दी गई। वारंटी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे माधवनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे अब जेल भेज दिया गया है। वारंटी की गिरफ्तारी में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, आर. सुनोज दुबे, आर. भानु पाण्डेय की भूमिका रही।

### ट्रकों में टक्कर, चालक की मौत

**कटनी**-माधवनगर थाना क्षेत्र में जबलपुर-कटनी रोड पर पडुआ गांव के पास एक खड़े ट्रक में सामने से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई है, जबकि टक्कर मारने वाले दूसरे ट्रक का चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के चरगवां गांव निवासी प्रमोद उर्फ बबलू पिता साहब सिंह 45 ने बुधवार को कटनी-जबलपुर रोड पर पडुआ गांव के पास ट्रक खड़ा किया। इसी दौरान सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक प्रमोद सिंह गंभीर घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### 56 कबाड़ दुकानों में हुई तालाबंदी की कार्यवाही

**कटनी।** नगर निगम कटनी सीमा क्षेत्र में संचालित कबाड़ दुकानों का सर्वे गठित दलों एवं वार्ड दरोगाओ के माध्यम से किए जाने के उपरांत प्राप्त जानकारी अनुसार वह दुकानें जिनमें अवैध रूप से कबाड़ एकत्र कर रखने, बगैर अनुज्ञप्ति प्राप्त संचालन, अतिक्रमण व पर्याप्त अग्निशमन यंत्र नहीं पाये जाने संबंधी, ऐसी 56 दुकानों को चिन्हित कर 16 मई 2024 को सूचना पत्र के माध्यम जारी कर रहवासी क्षेत्र से दुकानों का संचालन बंद कर मास्टर प्लान के अनुसार ग्राम पहरुआ में स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया जाकर 15 दिवस का समय प्रदान किया गया था।




## 54 लीटर देशी प्लेन मदिरा को जप्त कर आबकारी ने की 34 दो की कार्यवाई, आरोपी पहुंचा जेल

# लायसेंसी शराब कारोबारियों को आबकारी विभाग का अभयदान शराब तस्करों से पहले भी हो चुकी है विभाग की नोंक-झोंक

**बुढार।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब की बिक्री एवं गली गली बिक रही अवैध शराब की रोकथाम के लिये शराब लायसेंसी को हिदायत देते हुए एक माह में दुसरी बार 6 पेटी देशी प्लेन मदिरा भारी मात्रा में पकड़कर 34 दो की कार्रवाई करने की सफलता अर्जित की है एवं उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम धनपुरा में लम्बे समय से अवैध शराब का परिवाहन किया जा रहा है जिसकी सूचना पर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही किशन लाल बर्मन पिता बुद्धू बर्मन के राहयशी मकान से अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है जिसके पास 6 पेटी कुल 3 सौ देशी प्लेन मदिरा को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

कलेक्टर तरुण भटनागर के आदेशानुसार एवं जिला



आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में बीते 20 जून को आबकारी वृत्त बुढार के अंतर्गत ग्राम धनपुरा में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी किशन लाल बर्मन के कब्जे से 6 पेटी देसी प्लेन मदिरा कुल 54 लीटर जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/(2 )का प्रकरण दर्ज कर अवैध शराब कहां से आईं और कौन से ठेकेदार की है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। इस धरपकड़ कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक शोभा अजमेरे वरिष्ठ आरक्षक राजेंद्र सिंह आबकारी प्रधान आरक्षक प्रकाश मरावी की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी उप निरीक्षक व्रत बुढार रजनीश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की धरपकड़ कार्यवाही को प्रभावी रूप से निरंतर चलेगी साथ ही लाइसेंसी को आगाह किया है कि शराब बिक्री का जो शासन के मापदंड है उन्हीं के आधार पर विक्रय करें यादि ऐसा नहीं करते पायें गये तो उनके विरूद्ध भी विभाग कार्रवाई करेगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास

**शरीर को निरोगी रखने के लिए नियमित योग करें - उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल**

**विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुटुम्बकम के लिये हुआ सामूहिक योग**





**रीवा।** जिले में अंतरीराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड एक के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुंटुम्बकम के लिये जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, एसपी विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी योग किया। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शरीर को निरोगी रखने के लिए नियमित योग करें। दिनचर्या में 10-15 मिनट योग करके हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं। भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। विश्व बंधुत्व की भावना और हमारी बढ़ती प्रगति से हम विश्वगुरू का स्थान प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने नशे से दूर रहकर योग को अपनाते हुए समाज को स्वस्थ रखने में योगदान देने की अपेक्षा आमजनों से की। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जिले में नशे पर अंकुश लगाने के लिए सीमावर्ती राज्य उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मिलकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया है कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए बार्डर में नाकेबंदी की जाएगी तथा उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। राजेंद्र शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की।

सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का श्रीनगर से लाइव प्रसारण सुना गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, सीएम राइज प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस के अधिकारियों को व्यायाम शिक्षक शिष्टधर शर्मा ने योग कराया।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निवार्चन पदाधिकारी एमबी ओझा ने विपणन सहकारी समिति बैकुण्ठपुर के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक केएस मरावी को संचालक मण्डल के सात रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के प्रावधानों के तहत की गई है। सदस्यता सूची के संबंध में अपील सुनने के लिए उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। तैनात अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदस्यता सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## श्री अन्न के बीज किसानों को बांटकर उप मुख्यमंत्री ने अभियान का किया



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व योग दिवस के अवसर पर श्री अन्न (मोटे अनाज) संवर्धन अभियान के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपने खान-पान में शामिल किया जाना आवश्यक है। प्राचीन काल में जब हमारे देश में मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, मक्का नियमित रूप से भोजन में शामिल किया जाता था तब लोग कम बीमार पड़ते थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और बड़ी मात्रा में श्री अन्न का निर्यात किया जा रहा है। आज फिर मोटे अनाज को अपनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोटे अनाज के संवर्धन के लिए प्रयासरत हैं। उनका संकल्प है कि भारतीयों की थाली में मिलेट्स जरूर शामिल हों ताकि हमारा देश के नागरिक स्वस्थ व संपन्न रहे। इस अवसर पर राजेंद्र शुक्ल ने श्री अन्न के बीज के पैकेट किसानों को वितरित किये।

# विश्वविद्यालय स्टेडियम में योगाभ्यास करके मनाया गया विश्व योग दिवस



**रीवा !** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम परिसर रीवा में आयोजित किया गया। भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के योग चेतना केंद्र एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। योग प्रशिक्षक राजेश सिंह एवं डॉ. एलपी सिंह ने आचार्यों तथा विद्यार्थियों को सामूहिक योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास में विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक रीवा जिला क्रिकेट संघ के कोच एवं क्रिकेट खिलाड़ी, कबड्डी कोच एवं कबड्डी खिलाड़ी, विश्वविद्यालय स्टेडियम में संचालित सभी प्रशिक्षक खिलाड़ियों तथा विभिन्न महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत भारत सरकार केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम संचालन एवं संपादन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो.राम भूषण मिश्रा ने किया।

# ननि की आई.ई.सी टीम द्वारा चलाया गया डोर टू डोर जागरुकता अभियान



रीवा। निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर के रहवासी क्षेत्र धोबिया टंकी, इन्द्रा नगर, रानीगंज एवं घोघर में डोर टू डोर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी नागरिकों को समझाईस दी गई की कचरे को बाहर न फेक कर गाड़ी में ही कचरा दे साथ ही लोगो को अपने घरो से निकलने वाले कचरे को गीला, सूखा अलग करते हुए 2 डस्टबीन का उपयोग करे। लोगो को यह भी समझाया गया कि जो कचरा आप बाहर फेक देते है उससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता है और हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने के साथ ही शहर गंदा हो रहा है इसलिए सभी से अपील की गई आप सभी अपने घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में ही दे। जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके। नागरिकों को अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गई अब रीवा शहर के सभी रहवासियो ने ठाना है रीवा को स्वच्छ बनाना है और 2024 में शहर को प्रथम स्थान दिलाना है। डोर टू डोर जागरुकता अभियान में आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल का प्रशिक्षण 26 जून को

**रीवा ।** जन्म-मृत्यु के पंजीयन के लिए नया पोर्टल 27 मई 2024 को लांच किया गया है। पोर्टल में जन्म और मृत्यु की घटनाओं को ऑनलाइन दर्ज करने तथा इसे संचालित करने के लिए 26 जून को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सांख्यिकी ने बताया कि प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शुरू होगा। इसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा नए पोर्टल के संचालन की बिंदुवार जानकारी दी जाएगी। जन्म और मृत्यु के पंजीयन से जुड़े सभी कार्यालयों के अधिकारियों तथा डाटा एंट्री आपरेटरों से प्रशिक्षण में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# एक करोड़ 39 लाख की लागत से निर्मित सर्व सुविधायुक्त भवन व सुलभ काम्पलेक्स जन सुविधा केंद्र जनता को समर्पित

**मऊगंज।** जिले के नगर परिषद नईगढ़ी अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12 स्थित अष्टभुजा धाम माता मंदिर में सर्वसुविधायुक्त बहुउद्देशीय भवन एंव सुलभ कंपलेक्स जन सुविधा केंद्र का लोकार्पण देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश गौतम की गरिमामय उपस्थिति एवं मुख्य आतिथ्य में पुरोहितो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विशेष पूजा-अर्चना के साथ रिबन काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान नवनिर्मित बहु उद्देशीय भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता ने की तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष विभा शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह चंदेल मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। जहां नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक का भव्य स्वागत किया गया। बता दे किदेवतालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर परिषद नईगढी जहां वार्ड क्रमांक 12 में स्थित अष्टभुजा धाम माता मंदिर में एक करोड़ रुपए लागत से निर्मित सर्व सुविधा युक्त बहुउद्देशीय भवन एवं 39 लख रुपए से निर्मित सुलभ कंपलेक्स का लोकार्पण देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम की गरिमा मई उपस्थिति में फीता काटकर जनता को समर्पित किया गया। इस भवन बन जाने से जहां क्षेत्र के लोगों को उत्सवों सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के लिए दूर दराज नहीं भटकना



पड़ेगा। वहीं दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं के लिए ठहरने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि देवतालाब विधानसभा के विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम जी द्वारा इस क्षेत्र के विकास में कई ऐसे विकास के कार्य कराकर क्षेत्र को अनुपम सौगातें दीं हैं। वह चाहे आईटीआई कॉलेज की स्थापना हो नईगढ़ी में या फिर 3 करोड़ की लागत से निर्मित स्टेडियम हो या करोड़ों की लागत से निर्मित बस स्टैंड का निर्माण नईगढ़ी में कार्यालय भवन का निर्माण अस्पताल परिसर में कई अन्य भवनों का निर्माण देवतालाव नईगढ़ी सड़क मार्ग का निर्माण सहित कई अन्य विकास कार्य जीवांत उदाहरण है। विधायक श्री गौतम जी इस विधानसभा क्षेत्र के विकास में निरंतर कार्य कर रहे हैं। और देवतालाब विधानसभा को अग्रणी विधानसभा बनाने में निरंतर कार्यरत है। वहीं मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उद्बोधन में गिरीश गौतम ने कहा कि नईगढ़ी नगर परिषद में 67 करोड़ के कार्य चल रहे हैं। 140 करोड़ के विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष अन्य विकास कार्य निरंतर चालू है। लालगंज से देवतालाब की सड़क का कार्य पूर्णता की ओर है। आईटीआई भवन, नईगढ़ी नगर के लिए मीठा पानी हेतु साढ़े आठ करोड़ की कार्ययोजना तैयार कर कार्य प्रारंभ है। नगर पंचायत के कार्यालय भवन का कार्य पूर्णता की ओर है। बस स्टैंड का निर्माण कार्य चल रहा है। 3 करोड़ की लागत से स्टेडियम का निर्माण कर चल रहा है। सर्किट हाउस भवन, तहसील भवन, अनुसूचित जाति छात्रावास, कॉलेज भवन सहित कई अन्य विकास कार्य धरातल पर पूर्ण हो चुके हैं। या कार्य तेजी से चल रहा है। श्री गौतम ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कोर कसर नहीं रहेगी समूचे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जल बिछ गया है। तो वहीं बाणसागर के पानी के लिए संकल्पित हैं। रघुनाथगंज के पास पुल का निर्माण कार्य हो चुका है। पानी पहुंचाने का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। और जल्दी जनता को सोन नदी का पानी मिले इस दिशा पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता विभा शर्मा ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम उपरांत बहुउद्देशीय भवन परिसर में फलदार वृक्षों का मुख्य अथिति द्वारा रोपण किया गया। साथ ही नगर परिषद में नवीन क्रय किए गए ट्रैक्टर एवं अन्य उपकरण का भी विधायक के द्वारा लोकार्पित किया गया।

## स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं-कलेक्टर



**मऊगंज।** विश्व योग दिवस पर मऊगंज जिला मुख्यालय सहित जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के परिसर में आयोजित हुआ। सामूहिक योग कार्यक्रम में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक अधिकारियों महाविद्यालय एवं विद्यालयों के शिक्षकों तथा जनप्रतिनिधियों युवाओं एवं आमजन ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं,योगाभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ मिलते हैं, और योग तनाव चिंता को कम करने में भी लाभप्रद है।उन्होंने कहा कि जब स्वस्थ व्यक्ति होगा तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा और जब स्वस्थ समाज होगा तभी देश का विकास होगा इसलिए योग एवं प्राणायाम नियमित करें।इस अवसर पर खेल शिक्षक धर्मेंद्र पांडे एवं योग में विश्व रिकार्ड बनाने वाले अरुण द्विवेदी द्वारा योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाओं का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडे, एसडीएम बीपी पांडे सहित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों समाजसेवी एवं युवाओं ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम बरबसपुर में अन्तःवासियों ने किया योगाभ्यास



**अनूपपुर।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बरबसपुर में संचालित शासकीय वृद्धाश्रम में निवासरत अन्तःवासियों के स्वास्थ्य जीवन शैली, निरोग जीवन जीने और ऊर्जा के स्तर में सुधार हेतु सामान्य योगाभ्यास क्रम के तहत उप संचालक सामाजिक न्याय के.के. सोनी ने योग का प्रशिक्षण प्रदान किया। वृद्धाश्रम के अन्तःवासियों ने योग के आसनों का अभ्यास किया।

### विभिन्न ओव्हर लोडिंग वाहनों पर परिवहन विभाग ने की कार्यवाही



**अनूपपुर।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर अनूपपुर द्वारा पिकअप आटो वाहनों द्वारा यात्रियों की ओवर लोडिंग कर परिवहन से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में 21 जून को जिला परिवहन अधिकारी,अनूपपुर द्वारा अनूपपुर में जांच की कार्रवाई की गई जिसमें पिकअप आटो वाहन द्वारा क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करते पाए जाने एवं वैध दस्तावेज के बिना वाहनों के संचालन किए जाने पर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट फिटनेस बीमा पीयूसी अग्निशमन यंत्र ड्राइवर लाइसेंस मेडिकल किट की जांच की गई। इस कार्यवाही के दौरान 40 वाहनों की चेकिंग की गई उनमें से 7वाहनों से शमन शुल्क 38000 वसूल किया गया एवं दो आटो वाहनों को जप्त किया गया चालकों को निर्देशित किया गया कि वैध दस्तावेज होने पर ही वाहन संचालित करें एवं अवैध रूप से संचालित पिकअप वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि पिकअप में सवारी ना बैठाई जाए। वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही

### खेत में सब्जी लगा रही महिला पर गिरी आकाशीय बिजली, जलकर हुई राख



**अनूपपुर।** जिले के थाना भालूमाडा के अंतर्गत ग्राम सोही बेलहा पयारी में अचानक आयें आंधी तूफान के दौरान खेत में काम कर रहीं 50 वर्षीय महिला पानी गिरने पर खेत में बने मड़ई में छिप गई, इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह पूरी तरह जलकर राख होने से मृत्यु हो गई। पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भालूमाडा के अंतर्गत ग्राम सोही बेलहा पयारी में 50 वर्षीय महिला बुधी केवट पति मोहन केवट अपने खेत में सब्जी लगाने का काम कर रहीं थी इसी दौरान अचानक आयें आंधी तूफान के साथ बारिश से बचने के लिए खेत में बने मड़ई में जाकर छिप गई, इस दौरान मड़ई में आकाशीय बिजली गिरने से वह पूरी तरह जल गई जिससे महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

### जिले में 6.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र कोतमा में 24, जैतहरी में 4.4, वेंकटनगर में 12, पुष्पराजगढ़ में 6.6 तथा अमरकंटक में 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, बिजुरी तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

## उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# स्वस्थ जीवन के लिए योग और श्री अन्न जरूरी-दिलीप जायसवाल





**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है, हमारे देश की संस्कृति में योग प्राचीनकाल से विद्यमान है। हमारी योग विधा ने सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित किया है। इस विधा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पहल की और उनके सद्प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाने गया। तब से हमारी प्राचीन विधा योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के माध्यम से इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे। उक्ताशय के विचार जिला मुख्यालय अनूपपुर के शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय) तथा श्री अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य गजेंद्र सिंह जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं श्री अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं जीवन के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी से योग को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्री अन्न/मोटा अनाज से विभिन्न प्रकार के फायदे हैं। उन्होंने सभी को इसके संबंध में जानकारी देते हुए इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि श्री अन्न (मोटा अनाज) अनेक प्रकार की बीमारियों से लड़ने में सहायता करता है तथा शरीर को आवश्यक पोषक तत्व तथा उच्च ऊर्जा प्रदान करने में सहायक होता है। कार्यक्रम में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा श्री अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक नयन मिश्रा एवं श्रीमती माधुरी राठौर द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा योग विधा के संबंध में जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षको ने अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, शवासन, पद्मासन, अर्ध चक्रासन, शसंगासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, मकरासन आदि योग विद्या की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला, विकासखण्ड, नगरीय एवं ग्रामीण निकाय स्तर पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में बडी संख्या मे विद्यार्थियों, नागरिकों, शासकीय सेवकों, पत्रकारों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि ने बड़ी संख्या में बढ़चढ़ कर सहभागिता की। इस अवसर पर श्री अन्न कोदो के बीज का किसानों को मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने मंच से वितरण किया।

### पर्यटन से योग के संदेश के साथ मना विश्व योग दिवस

**अनूपपुर।** 'पर्यटन से योग' का संदेश देने के लिए मध्य प्रदेश के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो, भीमबेटका, सांची स्तूप सहित अमरकंटक, पचमढ़ी, मांडू, ग्वालियर एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर पर्यटन सखियों ने योग के विभिन्न आसन किए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में 5 हजार से अधिक पर्यटन सखियों ने प्रदेश के 50 पर्यटन स्थलों पर योग किया। साथ ही पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर वैभवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति के बारे में जाना। टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिलाओं को पर्यटन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय महिलाओं को विशेष प्रयास के तहत योग के लिए आमन्त्रित किया गया। जिससे वे पर्यटन स्थलों से अवगत हो सकें और दूसरों को भी पर्यटन के लिए प्रेरित करें। महिला हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना के तहत 20 संकुलों के 50 पर्यटन स्थलों पर परियोजना सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से योग कार्यक्रम आयोजित किये गए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' को ध्यान में रखते हुये योग अभ्यास किया गया। परियोजना क्रियान्वयन में सहयोगी संस्थाओं, स्थानीय प्रशासन, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सदस्यों, परियोजना के हितधारकों, होटेलियर्स, कौशल एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों/महिलाओं, स्कूल एवं महाविद्यालयों की छात्राओं, पर्यटन उद्यम से जुड़े प्रतिष्ठानों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि, महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना का संचालन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्भया कोष और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। पर्यटन स्थलों को महिला पर्यटकों के जोड़ने और महिला पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से संचालन किया जा रहा है। 10 हजार महिलाओं को रोजगार और 40 हजार महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे महिलाओं को



#### 5 हजार से अधिक पर्यटन सखियों ने 50 पर्यटन स्थलों पर किया योग

पर्यटन क्षेत्र में रोजगार मिलने के साथ महिला पर्यटकों में सहजता और सुरक्षा का भाव बढ़ रहा है। अब तक 8 हजार से अधिक महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र के 48 जॉब रोल में ट्रेनिंग दी गई है। ‶दिल खोल के घूमो ‶हिंदुस्तान के दिल में आप सेफ हैं‶ के ध्येय वाक्य के साथ पर्यटन बोर्ड द्वारा समुदाय के सहयोग से किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश में महिला सोलो पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

# रिटा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

### मामला वर्ष 2019-20 में दवाओं व उपकरणों की खरीदारी में हुए घोटाले का

**अनूपपुर।** माननीय न्यायालय पंकज जायसवाल, विशेष न्यायालय (ई.ओ.डब्ल्यू.) अनूपपुर ने सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीडी सोनवानी के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया। प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर सहित 13 अन्य व्यक्तियों को वर्ष 2019-20 में सीएमएचओ कार्यालय अनूपपुर में दवाओं और उपकरणों की खरीदी में हुए घोटाले के संबंध में आरोपी बनाया गया है, जिसमें दवा एवं उपकरण खरीदी कम्पनी के डायरेक्टरों को 11 दिन की पुलिस रिमाण्ड के पश्चात जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में आर्थिक अपराध ब्यूरो की ओर से पैरवी हेमन्त अग्रवाल विशेष लोक अभियोजक (ई.ओ.डब्ल्यू.) द्वारा की जा रही है, न्यायालय द्वारा प्रकरण की गंभीरता और बड़ी राशि के शासकीय गबन व अनुसंधान लंबित होने संबंधी



तथ्य व प्रकरण की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन सी.एम.एच.ओ. अनूपपुर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए अपने निर्णय में लेख किया है कि प्रकरण में सीएमएचओ अनूपपुर कार्यालय द्वारा वर्ष 2019 में आमंत्रित निविदा क्र./सीएमएचओ/2019-20/30-32 में म.प्र. भण्डार क्रय नियमों का उल्लंघन कर तकनीकी रूप से अपात्र फर्मों की निविदा स्वीकार करते हुए पात्र फार्मों को अपात्र करके न्यूनतम दरों से अधिक अर्थात प्रचलित बाजार दर से अधिक दर पर सामग्री/उपकरणों की खरीदारी की जाकर शासकीय मद की राशि 7,11,43,455 में से 33,69,871.77 की आर्थिक क्षति कारित किया जाना प्रथम दृष्टया दर्शित पाया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में आर्थिक अपराध शाखा भोपाल को वर्ष 2021 में शिकायत प्राप्त हुई थी, शिकायत का सत्यापन कर जांच की गई, जांच पश्चात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में दवा एवं उपकरण खरीदी में गबन/अनियमितता पाए जाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट तत्कालीन सी.एम.एच.ओ., स्टोर कीपर, लेखपाल, समिति के अध्यक्ष, ए.डी.एम., क्रय समिति के सदस्यों एवं आपूर्तिकर्ता कम्पनियों के विरूद्ध भादवि की धारा 420, 409, 120बी व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(1)ए, 13(2) में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की, जिसकी विवेचना उप पुलिस अधीक्षक (ई.ओ.डब्ल्यू.) श्रीमती किरण किरो द्वारा की जा रही है।

## कम्युनिटी यूथ लीडर के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**राजेन्द्रग्राम।** जनजातीय कार्य विभाग और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जिले के स्कूलों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम संचालित है जिसमें शिक्षकों के द्वारा खेल गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सिखाया जा रहा है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय (कम्युनिटी यूथ लीडर) का प्रशिक्षण अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड में संपन्न हुआ जिसमें पुष्पराजगढ़ ब्लॉक के 20 युवा युवतियों ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जो विद्यार्थी स्कूल नियमित नहीं आते हैं उन्हें चिन्हित कर हितधारको के सहयोग से स्कूल नियमित पहुंचने का सहयोग प्रदान करेंगे साथ ही स्कूल में जो सक्षम कार्यक्रम चल रहा है उसमें बच्चों को मैजिक सीट मेरी सीख की किताब को बनाने में मदद करेंगे एवं शाला प्रबंधन समिति को सुदृढ़ बनाने का कार्य किस तरह से करें ताकि स्कूल में और समुदाय में शिक्षा के स्तर में सुधार किया जा सके साथ ही बाल संसद को सुसज्जित बनाने के विषय पर भी समुदाय युवा नेता की समझ बढ़ाई गई इस प्रशिक्षण में खेल-खेल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया और गांव की समस्या को चिन्हित कर हितधारकों के सहयोग से समस्या का कारण और समाधान के विषय पर समझ बढ़ाई गई। प्रशिक्षण से युवा साथियों में उत्साह दिखाई दिया कि हम अपने गांव की समस्या को पहचान कर निवारण करेंगे और इस कार्यक्रम में भागीदारी लेते हुए जिम्मेदारी लेंगे और समुदाय में समस्या समाधान करने में निरंतरता लाने के संबंध पर कार्य करेंगे इस प्रशिक्षण को संपन्न करने में स्टेट से सत्य प्रकाश नायक (डिप्टी जनरल मैनेजर) अनूपपुर ब्लॉक के (जिला प्रोग्राम मैनेजर) अविनाश वर्मा (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) अंकित मिश्रा, रूपाली त्रिपाठी, संदीप शुक्ला और पुष्पराजगढ़ (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) आशीष मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रशिक्षण को पूर्ण कराने में विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी एस मरावी, (खंड स्त्रोत समन्वयक) हर प्रसाद तिवारी एवं शास. मां विद्यालय शिवरीचंदास से हेड मास्टर शुक्ला सिंह मार्को का सहयोग प्राप्त हुआ।




# पुनः प्रारंभ होगी जेईई एवं नीट परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग

### कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अनूपपुर।** जनजातीय बाहुल्य अनूपपुर जिले के विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र से पूर्व वर्ष की भांति निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक तथा प्राचार्यगण उपस्थित थे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जेईई एवं नीट प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ किए जाने की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को कोचिंग के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग के संबंध में जानकारी दी जाए तथा इसका लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए।



उन्होंने निःशुल्क कोचिंग के वार्षिक कैलेण्डर का निर्धारण कर उसके अनुरूप अध्ययन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व वर्ष की तरह ही कोचिंग हेतु विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोचिंग के सिलेबस के चैप्टर कम्पलीट होने पर विद्यार्थियों का टेस्ट भी समय-समय पर लिए जांए। जिससे विद्यार्थियों के पढ़ाई का स्तर ज्ञात हो सके। बैठक में उन्होंने विषयवार विषय विशेषज्ञों के चयन तथा सिलेबस के मॉड्यूल तैयार किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जेईई एवं नीट प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को सेमीनार के माध्यम से जानकारी देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर जिले के विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पूर्व वर्ष में निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ कराई गई थी। जिसमें जिले के 11 विद्यार्थी नीट परीक्षा में तथा जेईई में 01 विद्यार्थी ने कोचिंग के माध्यम से सफलता अर्जित की। कोचिंग का समय-समय पर कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा मॉनीटरिंग की गई तथा विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारी द्वय ने समय-समय पर विषय विशेषज्ञों को भी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा कोचिंग की समीक्षा की।

# धड़ल्ले से जारी अवैध शराब का कारोबार

### रेट सूची भी नहीं, लुट रहे सुराप्रेमी

**कोतमा।** ठेकों की नीलामी होने के बाद भी नगर सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों व होटलों पर सरेआम धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। जिससे सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है, वहीं बच्चे भी नशे की चपेट में आने लगे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बावजूद इस बारे कोई कार्यवाही न किए जाने से नगर सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गए हैं। नगर के होटल ढाबों सहित बस स्टैंड के आगे भट्टी टोला दफाई टोला विकास नगर कॉलेज तिराहा के आगे पतेराटोला गोविंद कॉलोनी सहित ग्रामीण क्षेत्र के निगवानी गढ़ी लामाटोला सेमरिया चौराहा सहित नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सड़क के किनारे काफी संख्या में दुकानदार अवैध रूप से शराब बेचने के काम में लगे हुए हैं, लेकिन काफी समय से अवैध शराब बेचे जाने की प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद आज तक किसी भी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इससे कस्बे में अवैध शराब बेचने का कारोबार फल फूल-रहा है। शराब के ठेकेदार के पास शराब का ठेका है। ऐसे में चाय वालों, ढाबे वालों व अन्य दुकानदारों ने सरेआम अपनी दुकानों पर शराब की पेटियां बेचने के लिए रखी हुई है। शराब पीने के शौकीन लोग



ढाबों व चाय की दुकानों से शराब खरीदकर पी रहे हैं। शाम होते ही अवैध शराब बेचने का धंधा सरेआम चलता है। नगर में शराब का ठेका होने के बावजूद शराब पीने के शौकीन लोगों को दुकानों से आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। जिससे नगर का वातावरण बिगड़ रहा। अवैध शराब बेचने का कार्य शुरू हो गया है। पुलिस की नाक के नीचे अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। आसपास के गांव में भी अवैध शराब बिकने का काम जोरों पर है। अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोग ठंडी बीयर भी ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। कस्बे में अवैध शराब बेचने वालों की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। मोटरसाइकिल से पहुंचाई जाती है शराब-नगर में शराब ठेकेदार के द्वारा शराब पहुंचाने के लिए दो आदमियों को रखा गया है जो सुबह दुकान खोलते ही दुकान से शराब लेकर मोटरसाइकिल में सफेद बोरी में भरकर नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र के कालोनियां एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाने का काम खुले आम कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस एवं आबकारी विभाग को ना हो लेकिन कोई पुख्ता कार्यवाही न होने के कारण शराब ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं।

#### रेट सूची भी नहीं

शासन के द्वारा शराब नीति में यह निर्देश दिए गए हैं कि शराब दुकानों में रेट सूची चश्मा की जाएगी और उसी के आधार पर शराब की बिक्री की जाएगी। लेकिन आज तक शराब दुकानों में रेट सूची तक चश्मा नहीं की गई है। जिसके कारण दुकानदार में के दामों पर शराब की बिक्री करते हैं। यदि कोई ग्राहक रेट सूची की बात करता है तो उसे शराब दुकान के सेल्समैनों के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। आबकारी विभाग की उदासीनता के कारण नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री एवं पैकारी जोरो पर चल रही है। खाना पूर्ति करने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग के द्वारा छोटी-मोटी कार्यवाही करते हुए अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेती है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो का तीन दिवसीय अभियान कल से होगा प्रारंभ

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में अभियान की सफलता के समन्वित प्रयास हेतु संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, महिला एवं बाल विकास की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के के सोनी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एस बी अवधिया, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर निश्चय चतुर्वेदी, डी एल सी डॉ शिवेंद्र द्विवेदी, जिला वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर धनेश बेलिया, आर आई डॉटा मैनेजर जय कुमार कहार, डॉ राजश्री गुप्ता, टाटा ट्रस्ट सिनी, श्रीमती नेहा मिश्रा, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड अनूपपुर, भाई लाल पटेल लैब टेक्नीशियन, वीरेन्द्र सिंह कोल्ड चैन टेक्नीशियन, सभी विकासखण्ड के बीपीएम, बीसीएम एवं बीईई उपस्थित रहे। बैठक में कार्ययोजना के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया ने बताया कि जिले में कुल 0 से 5 वर्ष तक के एक लाख 13 हजार 666 बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलाई जानी है इस हेतु जिले में 09 मोबाइल टीम, 30 ट्राजिट टीम मिलाकर कुल 998 बूथ बनाए गए हैं। पर्यवेक्षण हेतु 108 पर्यवेक्षक एवं 2036 वैक्सीनेटर अभियान हेतु लगाये गये है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग सहित शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकायों के सभी संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा शून्य से 05 साल तक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।